www.davvonline.com
davv ba question papers

PSYCHOLOGY-2014

Psycho Pathology

Time : 3 Hours] [Max. Marks : Regular 85/Private 100/Old ATKT 70

नोट : खण्ड अ, ब तथा स सभी विद्यार्थियों- नियमित, प्रायवेट एवं ओल्ड ए.टी.के.टी. के लिए अनिवार्य है। प्रत्येक खण्ड में दिये गये निर्देशों का पालन करें। सभी के लिये अंक विभाजन योजना प्रश्नपत्र में दर्शाये अनुसार होगी।

खण्ड अ : वस्तुनिष्ठ [Reg. 15 × 1 = 15/Pvt. 15 × 1 = 15/Old ATKT 15 × 1 = 15]

1. DSM IV मानसिक विकृति के वर्गीकरण की नवीनतम पद्धति है। हाँ/नहीं
2. संज्ञानात्मक मॉडल या सिद्धन्त फ्रायड द्वारा प्रतिपादित है। हाँ/नहीं
3. आपके पाठ्क्रम में मनोव्याधिकी के तीन प्रतिरुप (मॉडल) सम्मिलित हैं। हाँ/नहीं
4. अतार्कित भय, दुर्भीति विकृति का प्रमुख लक्षण है। हाँ/नहीं
5. ताला ठीक ढंग से लगा रहने के बावजूद लौट-लौटकर उसे बार-बार देखना चिंतास्नायु विकृति का लक्षण है। हाँ/नहीं
6. वास्तविकीकरण मनोरचनाओं में शामिल नहीं है। हाँ/नहीं
7. पैरानॉयड, मनोविदलता का एक प्रकार है। हाँ/नहीं
8. मूर्ख के समतुल्य बुद्धिलब्धि के स्तर को मन्द मानसिक दुर्बलता कहा जाता है। हाँ/नहीं
9. मद्यपानता एक ऐसी अवस्था है जिसमें एल्कोहल पर इतनी अधिक निर्भरता बढ़ जाती है कि जिन्दगी के समायोजन में बाधा पहुँचती है। हाँ/नहीं
10. स्मृति लोप मनोविच्छेदी विकृति का एक प्रकार नहीं है। हाँ/नहीं
11. अति स्वास्थ्य चिंता का सम्बन्ध मनोकाय प्रारुप विकृति से है। हाँ/नहीं
12. क्रेएलिन ने उत्साहविषाद मनोविकृति का प्रतिपादन किया है। हाँ/नहीं
13. मनोदैहिक अमाशय बोध विकृतियों में एनोरेक्सिया नरवोसा शामिल नहीं है। हाँ/नहीं
14. तनाव में सामान्य अनुकूलन संलक्षण (GAS) एक प्रमुख दैहिक प्रतिक्रिया। हाँ/नहीं
15. समाज विरोधी व्यक्तित्व का पराहं अविकसित होता है। हाँ/नहीं

खण्ड ब : लघु उत्तरीय [Reg. 5 × 4 = 20/Pvt. 5 × 5 = 25/Old ATKT 5 × 3 = 15]

1. असामान्य व्यवहार को परिभाषित कीजिए।

अथवा OR

असामान्य व्यक्तित्व विशेषताओं को सूचीबद्ध कीजिए।

2. मानसिक मनोरचना का अर्थ बताइये।

अथवा OR

मनोस्नायु विकृति क्या है?

3. मनोकाय प्रारुप विकृति के स्वरूप व प्रकार का उल्लेख कीजिए।

अथवा OR

मनोविच्छेदी विकृति को समझाइये।

4. मनोविदलता के नैदानिक लक्षणों को समझाइये।

अथवा OR

द्रव्य निर्भरता व द्रव्य दुरुपयोग में अन्तर कीजिए।

5. श्वसनी दमा के लक्षण व कारण पर प्रकाश डालिए।

www.davvonline.com
www.davvonline.com
www.davvOnline.com
www.davvOnline.com
www.davvonline.com

www.davvonline.com
davv ba question papers

अथवा OR

हाइपरटेंशन के लक्षण व कारण समझाइये।

खण्ड स : दीर्घ उत्तरीय [Reg. 5 × 10 = 50/Pvt. 5 × 12 = 60/Old ATKT 5 × 8 = 40]

1. व्यवहारात्मक प्रतिरूप (मॉडल) की विवेचना कीजिए।

अथवा OR

असामान्य व्यवहार के मनोवैज्ञानिक व मनो-सामाजिक कारकों की विस्तृत विवेचना कीजिए।

2. मनोस्नायुविकृति एवं मनोविक्षिप्तता विकृतियों में विभेद कीजिए।

अथवा OR

किन्हीं पाँच मनोरचनाओं का विस्तृत उल्लेख कीजिए।

3. मनोकाय प्रारुप विकृति के लक्षण, कारण एवं उपचार की विस्तृत व्याख्या कीजिए।

अथवा OR

मनोदशा विकृति का अर्थ बताइये और उसके प्रमुख प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

4. मनोविदलता से आप क्या समझते हैं? मनोविदलता के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए।

अथवा OR

द्रव्य निर्भरता को स्पष्ट कीजिए। विभिन्न द्रव्य सम्बन्धी विकृतियों के प्रकारों की विवेचना कीजिए।

5. व्यक्तित्व विकृति के स्वरूप पर प्रकाश डालिए। व्यक्तित्व विकृति के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए।

अथवा OR

प्रतिबल से क्या तात्पर्य है? प्रतिबल का शारीरिक, मानसिक स्तर पर क्या प्रभाव पड़ता है? प्रतिबल का सामना करने के विभिन्न उपायों की विवेचना कीजिए।

www.davvonline.com
www.davvOnline.com
www.davvonline.com
www.davvOnline.com
www.davvonline.com